सं०सं०–03 / परी०–B.T.S.C–(अधि०)01–12 / 2024/1228 पटना, दिनांकः– 17/04/2025

बिहार सरकार

बिहार तकनीकी सेवा आयोग,
19, हार्डिंग रोड, पटना

आवश्यक सूचना
विज्ञापन सं०–22 / 2025, फार्मासिस्ट

स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–538(4) दिनांक–08.04.2025 से प्राप्त परामर्श के आलोक में आयोग के पत्रांक–1189, दिनांक–13.04.2025 के द्वारा यह सूचना प्रकाशित की गयी है कि विज्ञापन सं०–22 / 2025 की कंडिका–6 में अंकित महत्त्वपूर्ण निर्देश **6(iv) बिहार फार्मेसी काउन्सिल से रजिष्ट्रीकृत प्रमाण–पत्र** को विलोपित किया जाता है। साथ ही निबंधन हेतु बिहार फार्मेसी काउन्सिल में जमा आवेदन पत्र को साक्ष्य के रूप में मान्य करते हुए अभ्यर्थियों को उक्त विज्ञापन में आवेदन करने का अवसर दिए जाने की सूचना प्रकाशित की गई।

अभ्यर्थियों को यह निदेशित किया जाता है कि वैसे अभ्यर्थी जिन्हें निबंधन हेतु बिहार फार्मेसी काउन्सिल में जमा आवेदन पत्र को साक्ष्य के रूप में मान्य करते हुए विज्ञापन में आवेदन करने का अवसर प्रदान किया गया है, वे बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित दस्तावेज सत्यापन के समय तक अनिवार्य रूप से बिहार फार्मेसी काउन्सिल, पटना में निबंधन करा लेंगे तथा निबंधन प्रमाण–पत्र के साथ आयोग द्वारा आयोजित दस्तावेज सत्यापन में भाग लेंगे। विज्ञापन की कंडिका–1 (ii) में अंकित शर्तो के आलोक में बिना निबंधन प्रमाण–पत्र के अंतिम चयन हेतु उनका दावा मान्य नही किया जायेगा।

अभ्यर्थियों को निदेश है कि आयोग के **Website- www.btsc.bihar.gov.in** का सतत् अनुश्रवण करते रहेंगे।

17.4.2025

प्रभारी सचिव,

बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना।